गुरुवार, 3 मार्च 2022

हिन्दुस्तान

02

न्यूज कॉर्नर

# तीरंदाजी में खिलाड़ियों ने पदक जीते

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता के तहत कंपाउंड राउंड में टीम से एमए प्रथम वर्ष से विकास राजपूत व विकास डागर सहित बीए तृतीय वर्ष से तरुण दीक्षित ने कांस्य पदक जीते। व्यक्तिगत श्रेणी में विकास राजपूत ने कांस्य जीता। रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत श्रेणी में एमएससी द्वितीय वर्ष से विक्की हुड्डा ने कांस्य पदक जीता। ये सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी भाग लेंगे।



बेहतर प्रदर्शन के बाद अग्रवाल कॉलेज के तीरंदाजों को सम्मानित किया गया।